# जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक दिनांक 23.10.2024 को आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जनपद कानपुर नगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 23.10.2024 को आहूत हुयी, जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति रहें:-

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,कानपुर नगर।
2. जिला विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. जिला पंचायत अधिकारी, कानपुर नगर।
4. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
6. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
7. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कानपुर नगर।
8. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0), कानपुर नगर।
9. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद।
10. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0-गाजा, नोएडा।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये :-

- कुल पूर्ण योजनायें 33 नग (14 मै0 वी0एस0ए0 एवं 19 मै0 वी0टी0एल0) का स्थलीय निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समिति गठित कर करायी जाए।

- दिसम्बर, 2024 तक सम्पूर्ण योजनाओं 425 को पूर्ण किया जाना लक्षित है जबकि अभी तक मात्र 33 नग पेयजल योजनायें ही पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महादेय द्वारा रोष व्यक्त किया एवं शेष योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण करते हुए, पेयजल योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

- मै0 वी0एस0ए0 की 64928 के सापेक्ष 63632 एवं मै0 वी0टी0एल0 गाजा के 176904 के सापेक्ष मात्र 155464 ही एफ0एच0टी0सी0 पूर्ण है, जिसको लक्षित समय में पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। मैनपॉवर बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।

- मै0 वी0एस0ए0 के 124 नग के सापेक्ष 123 नग एवं मै0 वी0टी0एल0-गाजा के 343 के सापेक्ष 337 नग ट्यूबवेल ही पूर्ण है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया एवं निर्देशित किया गया कि समयावधि में ट्यूबवेल को पूर्ण किया जिसके क्रम में मै0 वी0एस0ए0 एवं मै0 वी0टी0एल0 ने भूमि विवाद/अनुपलब्ध भूमि के विषय में महोदय को अवगत कराया, जिसके क्रम में महोदय ने मुख्य विकास अधिकारी महोदया को निर्देशित किया कि मै0 वी0एस0ए0 एवं मै0 वी0टी0एल0 के समस्त पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण कराया जाए।

- मै0 वी0एस0ए0 के 116 नग ओवरहेड के सापेक्ष मात्र 70 नग पूर्ण है एवं 1 नग ओवरहेड टैंक पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ इसी प्रकार मै0 वी0टी0एल0 के 292 नग ओवरहेड के सापेक्ष मात्र 76 नग पूर्ण है एवं 04 नग ओवरहेड टैंक पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ, जिस पर जिलाधिकारी महोदय

द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र शेष ओरवहेड टैंक पर कार्य प्रारम्भ करते हुए, गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें।

➢ मै0 वी0एस0ए0 के 1180 कि0मी0 पाइपलाइन के सापेक्ष 1140 कि0मी0 पूर्ण एवं मै0 वी0टी0एल0 के 3243 कि0मी0 पाइपलाइन के सापेक्ष 3154 कि0मी0 पूर्ण है, जिस पर महोदय ने निर्देशित किया कि पाइपलाइन को पूर्ण किया जाए एवं लीकेज की समस्या को भी समय समय पर सही किया जाए, जिससे मार्गों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

➢ सड़क पुर्नस्थापना में रोष व्यक्त किया एवं निर्देशित किया कि समस्त मार्गों/सड़क का पुर्नस्थापना मानक अनुसार किया जाए, जिससे आम जनमानस को असुविधा न हो एवं निर्देशित किया कि सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव से संयुक्त हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र लिया जाए कि ग्राम से समस्त मार्गो का पुर्नस्थापना मानक अनुसार कार्य किया गया है।

➢ मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा वर्तमान में कार्य के सापेक्ष उपलब्ध मैनपॉवर कम होने के वजह से रोष व्यक्त किया एवं निर्देशित किया कि कार्य के सापेक्ष जमीनी स्तर पर पर्याप्त मैनपॉवर को Deploy किया जाए एवं प्रस्तुत की जाने वाली पी0पी0टी0 में भी कार्य के सापेक्ष टारगेट मैनपॉवर के तहत कितना मैनपॉवर उपलब्ध है भी प्रस्तुत किया जाए।

➢ जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि 33 नग पेयजल योजनायें पूर्ण है, उन पेयजल योजनाओं को पंचायतीराज पोर्टल पर हैंण्डिग ओवर/टेकिंगओवर किया जाए, जिससे योजनाओं को पंचायतीराज विभाग को हैण्डओवर किया जाना सुनिश्चित हो।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**कानपुर नगर**

**पत्रांक–** 3190/W-13/450 **दिनांक** 29/10/2024

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थः–**

1. जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
3. जिला विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
4. जिला पंचायत अधिकारी, कानपुर नगर।
5. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),कानपुर नगर को सादर सूचनार्थ।
6. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर को सादर सूचनार्थ। ।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर।
8. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्डान्तर्गत।
9. मै0 वी0एस0ए0–एस0एम0सी0, हैदराबाद।
10. मै0 विन्ध्य टेलीलिन्क्स–गाजा प्रा0 लि0, नोएडा।
11. डी0पी0एम0यू0, कानपुर नगर।
12. टी0पी0आई0 हेतु नामित एजेन्सी।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**